पत्रांकः–BMSIC/80060/08-2017/ दिनांकः–

प्रेषक,

संदीप कुमार
उपमहाप्रबंधक (परि0)

सेवा में,

मुकेश कुमार,
हाउस न0–132, गोदावरी रोड,
चाँदचौरा, नियर बीकानेरी धर्मशाला,
गया, पिन–823001

विषयः– गया जिलान्तर्गत अनुमंडलीय अस्पताल, टेकारी के परिसर में बनाए जा रहे सात निश्चय योजनान्तर्गत ए0एन0एम0 प्रशिक्षण संस्थान–सह–छात्रावास के निर्माण कार्य में विलंब के कारण बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली 2007 के कंडिका– 11 क (ii) के प्रावधानों के तहत आपके फर्म का निबंधन निलंबित करने के संबंध में।

प्रसंग– BMSIC/80060/08-2017/441 दिनांक 27.05.2019 एवं पर्यवेक्षण परामर्शी का ज्ञापांक– SCSPL/BMSICL/PTN-163/2019-20 दिनांक– 06.11.2019।

महाशय,

उपरोक्त विषय एवं प्रसंगाधीन पत्र के संबंध में निदेशानुसार कहना है कि उक्त कार्य का कार्यादेश दिनांक– 07.11.2017 को निर्गत है। उक्त कार्यादेश की कंडिका 5 के अनुसार कार्य पूर्ण करने की अवधि 12 माह थी अर्थात् दिनांक– 06.11.2018 तक प्रावधानित थी। आपके अनुरोध पर आपको इस कार्य को पूर्ण करने हेतु दिनांकः– 06.01.2019 तक का अवधि विस्तार भी दिया गया था। लेकिन आपके द्वारा अब तक कार्य पूर्ण नहीं किया गया है। इस कार्यालय द्वारा प्रासंगिक पत्र के माध्यम से श्रमशक्ति बढ़ाते हुए यथाशीघ्र कार्य पूर्ण करने हेतु आपको निदेश दिया गया था, साथ हीं इस कार्य को कैसे पूर्ण करेंगे इस हेतु Work Program की भी मांग आपसे की गई थी। लेकिन आपके द्वारा कार्य पूर्ण करने हेतु न तो अतिरिक्त श्रमबल बढ़ाया गया और न इस कार्य को कैसे पूर्ण करेंगे इस हेतु Work Program हीं निगम कार्यालय को समर्पित किया गया, जो कार्य के प्रति आपकी घोर लापरवाही को दर्शाता है।

अतः बिना किसी कारण के विस्तारित अवधि समाप्त होने के उपरांत भी कार्य लंबित रखने के कारण आपको गया जिलान्तर्गत अनुमंडलीय अस्पताल, टेकारी के परिसर में बनाए जा रहे ए0एन0एम0 प्रशिक्षण संस्थान–सह–छात्रावास के निर्माण कार्य को पूर्ण करने तक बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली 2007 के कंडिका– 11 क (ii) के प्रावाधानों के तहत आपके फर्म का निबंधन को निलंबित करते हुए आपको किसी भी निविदा में भाग लेने से विषयांकित कार्य पूर्ण होने तक डिवार (Debar) किया जाता है। साथ हीं निदेश दिया जाता है कि कार्य में प्रगति लाते हुए कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करें, अन्यथा आपके फर्म के विरूद्ध नियमानुसार अन्य आवश्यक कार्रवाई भी की जाएगी।

विश्वासभाजन

ह0 / –
उपमहाप्रबंधक (परि0)

ज्ञापांकः– BMSIC/80060/08-2017/ दिनांक–

प्रतिलिपि– पर्यवेक्षण परामर्शी मे0 शिवा कंस्लटेन्सी प्रा0 लि0, नई दिल्ली को सुचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। निदेश दिया जाता है कि संबंधित संवेदक से संपर्क स्थापित कर विषयांकित परियोजना जल्द से जल्द पूर्ण कराना सुनिश्चित करेंगे।

ह0 / –
उपमहाप्रबंधक (परि0)
(कृ0पृ0उ0)

ज्ञापांकः– BMSIC/80060/08-2017/ 5214 दिनांक– 03-12-2019

प्रतिलिपि– श्री मोहित कुमार, प्रबंधक (सिस्टम), BMSICL, को सुचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। निदेशानुसार अनुरोध है कि उपरोक्त के आलोक में पत्र को BMSICL के बेवसाइट पर संवेदक के डिबार लिस्ट में प्रकाशित किया जाए।

3/12/19

उपमहाप्रबंधक (परि0)